मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर

क्रमांक/मोलासुविवि/परीक्षा/2021/ 1237

दिनांक 24.02.2021

आदेश

विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 05 दिनांक 11.02.2021 के क्रम में माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्य परीक्षा 2021 में सम्मिलित होने हेतु विशेष अवसर की अनुमति उन नियमित/पूर्व/स्वयंपाठी विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है जिन्होंने वर्ष 2011 से वर्ष 2019 तक की अवधि में प्रथम वर्ष वाणिज्य/कला संकाय से उत्तीर्ण कर कर लिया है अथवा उनका परिणाम कम्पार्टमेंट रहा हो किन्तु बाद में किन्हीं कारणों से द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाये हों, ऐसे विद्यार्थियों को विशेष अवसर प्रदान करने की अनुमति दी जाती है।

प्रथम वर्ष में यदि किसी विद्यार्थी के कोई प्रायोगिक विषय था तो उन्हें स्वयंपाठी परीक्षार्थी के रूप में द्वितीय वर्ष 2021 की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रथम वर्ष के प्रायोगिक विषय को छोड़कर उसके स्थान पर अन्य नया विषय चुनकर प्रथम वर्ष के बकाया प्रश्न पत्र के रूप में दर्शाकर आवेदन करना होगा।

उपर्युक्त से संबंधित प्रकरण में विश्वविद्यालय अधिसूचना संख्या 05 में वर्णित परीक्षा शुल्क दर ही लागू होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. अधिष्ठाता/प्राचार्य/निदेशक, समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, ——————————
2. कुलसचिव, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
3. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
4. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय अनुभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
5. समस्त संकाय प्रभारी/सहायक, परीक्षा अनुभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
6. प्रभारी, आई.यू.एम.एस., मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
7. विश्वविद्यालय हेल्पलाईन, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
8. रक्षित पत्रावली।

उप कुलसचिव(परीक्षा)